भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1235
13 फरवरी, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा कारीगरों व बुनकरों के लिए फोटो पहचान पत्र जारी किया जाना एवं उनकी गणना किया जाना

1235. श्री संजय सिंह:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने हथकरघा उद्योग के कारीगरों एवं बुनकरों को फोटो पहचान पत्र जारी करने एवं उनकी गणना करने के लिए किसी अभिकरण का चयन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ग) उनकी गणना के परिणाम कब जारी किये जाएंगे; और

(घ) हथकरघा कारीगरों व बुनकरों की गणना करने में देरी होने के कारण क्या हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री अजय टम्टा)

(क) से (घ) विकास आयुक्त हथकरघा (कार्यालय) द्वारा हथकरघा के लिए चौथी राष्ट्रव्यापी गणना करने तथा हथकरघा उद्योग के बुनकरों एवं कामगारों को फोटो पहचान पत्र जारी करने के लिए मैसर्स कार्वी डाटा मैनेजमेंट सर्विसेस लिमिटेड, हैदराबाद का चयन किया गया है। एजेंसी को एक वर्ष की समयावधि के साथ दिनांक 04 जनवरी, 2017 को कार्य सौंपा गया था। गणना कार्य अंतिम चरण में है, जिसके लिए यदि कोई, हथकरघा पॉकेट छोड़ दी गई है की पहचान करने में राज्य सरकारों का सहयोग मांगा जा रहा है। 21 राज्यों से गणना का समापन प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है। रिपोर्ट के अंतिम प्रकाशन से पहले की गई गणना का पोर्टल पर संबंधित राज्य के माध्यम से 100% प्रमाणिकरण भी प्रगति के अधीन है।

****